क्रम-संख्या–351 (ख-1)

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी०/एल०–डब्लू०/एन०पी०–91/2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (ख)

(परिनियत आदेश)

लखनऊ, शुक्रवार, 15 दिसम्बर, 2017

अग्रहायण 24, 1939 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

औद्योगिक विकास अनुभाग–3

संख्या 2747/77-3–17-37एम-12

लखनऊ, 15 दिसम्बर, 2017

अधिसूचना

प0आ0–580

उत्तर प्रदेश में अपनी प्रवृत्ति के सम्बन्ध में यथा संशोधित भारतीय पथकर अधिनियम, 1851 (अधिनियम संख्या 8 सन् 1851) की धारा 9 के साथ पठित धारा 2 के अधीन शक्तियों और इस निमित्त समस्त अन्य समर्थकारी शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल, सार्वजनिक निजी भागीदारी/ इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एण्ड कन्स्ट्रक्शन/अन्य किसी प्रक्रिया के आधार पर निर्मित और राज्य सरकार या उसके द्वारा अधिसूचना द्वारा प्राधिकृत किन्हीं अन्य प्राधिकरण के नियंत्रणाधीन एक्सप्रेसवेज और समस्त सेतुओं, जिनके अन्तर्गत इण्टरचेन्जेज, उपरिगामी सेतु, रेलवे उपरि सेतु और अधो सेतु, एक्सप्रेसवेज के उपमार्ग लाइन भी हैं, का प्रयोग करने वाले समस्त व्यक्तियों, वाहनों के प्रभारियों या इस निमित्त रियायत करार/करार के उपबन्धों के अधीन प्राधिकृत रियायतग्राही/ प्राधिकृत ऐजेन्सी से प्रभारित की जाने वाली फीस और उन पर अधिरोपित या उनसे वसूल किये जाने वाले पथकर को विनियमित करने की दृष्टि से "उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे (पथकर उद्ग्रहण और फीस निर्धारण तथा उसकी वसूली) नियमावली, 2010" में उपान्तरण करते हैं।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे (पथकर उद्ग्रहण और फीस निर्धारण तथा उसकी वसूली) नियमावली, 2010 में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम 1 से 18 के स्थान पर स्तम्भ–2 में अंकित नियम रख दिये जायेंगे, अर्थातः–

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे (पथकर उद्ग्रहण और फीस निर्धारण तथा उसकी वसूली) (चतुर्थ संशोधन), नियमावली, 2017

स्तम्भ–1 **वर्तमान नियम**	स्तम्भ–2 **एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम**
1–संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ (1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे (पथकर उद्ग्रहण और फीस निर्धारण तथा उसकी वसूली) नियमावली, 2010 कही जाएगी। (2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।	**1–संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ** (1) यह उपान्तरित नियमावली उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे (पथकर उद्ग्रहण और फीस निर्धारण तथा उसकी वसूली) (चतुर्थ संशोधन) नियमावली, 2017 कही जाएगी। (2) यह गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
2–परिभाषायें	**2–परिभाषायें**
(1) जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में :–	(1) जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में :–
(क) "अधिनियम" का तात्पर्य भारतीय पथकर अधिनियम,1851 से है;	(क) "अधिनियम" का तात्पर्य भारतीय पथकर अधिनियम,1851 से है;
(ख) "आधार वर्ष" का तात्पर्य 1 अप्रैल, 2009 से प्रारम्भ होने वाली और 31 मार्च, 2010 को समाप्त होने वाली अवधि से है ;	(ख) "प्राधिकृत एजेन्सी" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जिसने उत्तर प्रदेश सरकार/राज्य सरकार द्वारा पथकर वसूली हेतु अधिसूचित निष्पादन प्राधिकारी के साथ करार किया हो।
(ग) 'उपमार्ग' का तात्पर्य किसी कस्बा या नगर से होकर जाने वाले एक्सप्रेस-वे के किसी खण्ड से है;	(ग) "पथकर करार" का तात्पर्य राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित उत्तर प्रदेश सरकार/ निष्पादन प्राधिकरण और किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के मध्य पथकर वसूली हेतु हुये करार से है।
(घ) 'पुल' का तात्पर्य उस ढाँचे से है जिसकी कुल लम्बाई 6 मीटर से ऊपर हो और जो आन्तरिक दीवारों के मध्य से होते हुए धसकन या अवरोध यथा चैनल, सड़क, रेलवे के ऊपर से ट्रैफिक या अन्य गतिमान भार ले जाने के लिए होता है;	(घ) "आधार वर्ष" का तात्पर्य 1 अप्रैल, 2009 से प्रारम्भ होने वाली और 31 मार्च, 2010 को समाप्त होने वाली अवधि से है ;
(ङ) "कार" या "जीप" या "वैन" या "लाइट मोटर वाहन" का तात्पर्य किसी यांत्रिक वाहन से है, जिसका कुल भार सात हजार पांच सौ किलोग्राम या मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अधीन रजिस्ट्रीकृत प्रमाण-पत्र में विनिर्दिष्ट यात्रियों की ढुलाई की क्षमता चालक को सम्मिलित करते हुए बारह से अधिक न हो;	(ङ) 'उपमार्ग' का तात्पर्य किसी कस्बा या नगर से होकर जाने वाले एक्सप्रेस-वे के किसी खण्ड से है;
(च) "रियायत करार" का तात्पर्य ऐसे करार से है जो राज्य सरकार/राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित प्राधिकारी और निर्माण, परिचालन/अवस्थापना का या अनुरक्षण करने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों के मध्य किया गया हो;	(च) 'पुल' का तात्पर्य उस ढाँचे से है जिसकी कुल लम्बाई 6 मीटर से ऊपर हो और जो आन्तरिक दीवारों के मध्य से होते हुए धसकन या अवरोध यथा चैनल, सड़क, रेलवे के ऊपर से ट्रैफिक या अन्य गतिमान भार ले जाने के लिए होता है;
(छ) "रियायतग्राही" का तात्पर्य ऐसे व्यक्तियों से है, जिसके साथ उत्तर प्रदेश सरकार/राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित प्राधिकारी के साथ करार किया गया है;	(छ) "कार" या "जीप" या "वैन" या "लाइट मोटर वाहन" का तात्पर्य किसी यांत्रिक वाहन से है, जिसका कुल भार सात हजार पांच सौ किलोग्राम या मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अधीन रजिस्ट्रीकृत प्रमाण-पत्र में विनिर्दिष्ट यात्रियों की ढुलाई की क्षमता चालक को सम्मिलित करते हुए बारह से अधिक न हो;
(ज) "निष्पादन प्राधिकारी" का तात्पर्य राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किसी अधिकारी या प्राधिकारी से है;	(ज) "रियायत करार" का तात्पर्य ऐसे करार से है जो राज्य सरकार/राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित प्राधिकारी और निर्माण, परिचालन/अवस्थापना का या अनुरक्षण करने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों के मध्य किया गया हो;
(झ) "एक्सप्रेस-वे" का तात्पर्य तीव्र गति से यातायात के लिए उपयुक्त और नियंत्रित पहुँच सहित विभाजित वाहन मार्ग से है, जिसको रियायत करार के अधीन निर्मित संचालित या अनुरक्षित किया गया है;	(झ) "रियायतग्राही" का तात्पर्य ऐसे व्यक्तियों से है, जिसके साथ उत्तर प्रदेश सरकार/राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित प्राधिकारी के साथ करार किया गया है;

स्तम्भ–1 **वर्तमान नियम**	स्तम्भ–2 **एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम**
(ञ) "उत्थापित राजमार्ग" का तात्पर्य एक्सप्रेस–वे के ऐसा खण्ड से है, जिसे पाथों या स्तम्भों की सहायता से भूमि स्तर से ऊपर उठाया गया है;	(ञ) "निष्पादन प्राधिकारी" का तात्पर्य किसी अधिकारी या प्राधिकारी से है जिसे राज्य सरकार द्वारा एक्सप्रेस-वे परियोजना के क्रियान्वयन के लिये प्राधिकृत किया गया हो;
(ट) "वित्तीय वर्ष" का तात्पर्य किसी वर्ष के 1 अप्रैल को प्रारम्भ होने वाले और आगामी वर्ष की 31 मार्च को समाप्त होने वाले, 12 कलेण्डर माह की अवधि से है;	(ट) "एक्सप्रेस-वे" का तात्पर्य तीव्र गति से यातायात के लिए उपयुक्त और नियंत्रित पहुँच सहित विभाजित वाहन मार्ग से है, जिसको रियायत करार के अधीन निर्मित, संचालित या अनुरक्षित किया गया है;
(ठ) "सकल यान भार" का तात्पर्य किसी यान के सम्बन्ध में यान के कुल भार और मोटर यान अधिनियम, 1988 (अधिनियम संख्या 59 सन् 1988) के अधीन उस यान के लिए यथा अनुज्ञेय रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित और रजिस्ट्रीकृत भार से है;	(ठ) "उत्थापित राजमार्ग" का तात्पर्य एक्सप्रेस–वे के ऐसा खण्ड से है, जिसे पाथों या स्तम्भों की सहायता से भूमि स्तर से ऊपर उठाया गया है;
(ड) "भारी निर्माण मशीनरी" या "भू–गतिमान उपस्कर" या "बहुधुरीय यान या भरी ट्रक" का तात्पर्य भारी निर्माण मशीनरी या भू–गतिमान उपस्कर या यांत्रिक यान या तीन से छह धुरी वाले बहुधुरीय यान सहित बीस हजार किलोग्राम से अधिक किन्तु साठ हजार किलोग्राम से कम यान भार वाले से है;	(ड) "वित्तीय वर्ष" का तात्पर्य किसी वर्ष के 1 अप्रैल को प्रारम्भ होने वाले और आगामी वर्ष की 31 मार्च को समाप्त होने वाले, 12 कलेण्डर माह की अवधि से है,
(ढ) "इण्टरचेंज" का तात्पर्य परिवहन के साथ जोड़ने वाला ग्रेड सेपरेटेड इण्टरसेक्शन से है;	(ढ) "सकल यान भार" का तात्पर्य किसी यान के सम्बन्ध में यान के कुल भार और मोटर यान अधिनियम, 1988 (अधिनियम संख्या 59 सन् 1988) के अधीन उस यान के लिए यथा अनुज्ञेय रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित और रजिस्ट्रीकृत भार से है;
(ण) "क्षेत्र" का तात्पर्य मुख्य वाहन मार्ग का भाग बनने वाली और तीन मीटर पचास सेंटीमीटर की चौड़ाई वाली लेन से है;	(ण) "भारी निर्माण मशीनरी" या "भू–गतिमान उपस्कर" या "बहुधुरीय यान या भरी ट्रक" का तात्पर्य भारी निर्माण मशीनरी या भू–गतिमान उपस्कर या यांत्रिकीद यान या तीन से छह धुरी वाले बहुधुरीय यान सहित बीस हजार किलोग्राम से अधिक किन्तु साठ हजार किलोग्राम से कम यान भार वाले से है;
(त) "हल्का वाणिज्यिक यान" या "हल्का माल यान" या "मिनीबस" का तात्पर्य सात हजार पांच सौ किलोग्राम से अधिक किन्तु बारह हजार किलोग्राम से कम सकल यान भार या मोटर यान अधिनियम, 1988 के जारी रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र में यथा विनिर्दिष्ट चालक को छोड़कर बारह से अधिक किन्तु बत्तीस से कम यात्री वाहन क्षमता वाले किसी यांत्रिक यान से है;	(त) "इण्टरचेंज" का तात्पर्य परिवहन के साथ जोड़ने वाला ग्रेड सेपरेटेड इण्टरसेक्शन से है;
(थ) "यांत्रिक यान" का तात्पर्य अपनी शक्ति के अधीन चलने वाले किसी यान से है, जिसके अन्तर्गत मोटर यान अधिनियम, 1988 के अधीन यथा परिभाषित मोटर यान भी है;	(थ) "लेन" का तात्पर्य मुख्य वाहन मार्ग का भाग बनने वाली और न्यूनतम तीन मीटर पचास सेंटीमीटर की चौड़ाई वाली लेन से है;
(द) "विशाल आकार यान" का तात्पर्य सात	(द) "हल्का वाणिज्यिक यान" या "हल्का माल

स्तम्भ–1 **वर्तमान नियम**	स्तम्भ–2 **एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम**
या अधिक धुरियों वाले यान या ऐसे यान से है, जिसका सकल यान भार साठ हजार किलोग्राम से अधिक है;	यान'' या ''मिनीबस'' का तात्पर्य सात हजार पांच सौ किलोग्राम से अधिक किन्तु बारह हजार किलोग्राम से कम सकल यान भार या मोटर यान अधिनियम, 1988 के जारी रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र में यथा विनिर्दिष्ट चालक को छोड़कर बारह से अधिक किन्तु बत्तीस से कम यात्री वाहन क्षमता वाले किसी यांत्रिक यान से है;
(ध) ''सार्वजनिक निजी भागीदारी परियोजना'' का तात्पर्य ऐसे परियोजना से है जो एक्सप्रेस-वे के किसी सेक्शन, जिसके अन्तर्गत समस्त स्थाई पुल, इन्टरचेंज, उपरिसेतु, आर.ओ.बी./आर.यू.बी. उपमार्ग, उसकी सुरंग भी है, से सम्बन्धित हो और जिसके लिए रियायतग्राही के साथ कोई करार किया गया हो;	(ध) ''यांत्रिक यान'' का तात्पर्य अपनी शक्ति के अधीन चलने वाले किसी यान से है, जिसके अन्तर्गत मोटर यान अधिनियम, 1988 के अधीन यथा परिभाषित मोटर यान भी है;
(न) ''रेलवे ओवर/अण्डर ब्रिज (आर.ओ.बी./आर.यू.बी)'' का तात्पर्य रोड ओवर ब्रिज/अण्डर ब्रिज से है जो रेलवे ट्रैक के ऊपर/नीचे से गुजरता हो और जिसे रियायती करार के अधीन निर्मित/संचालित या अनुरक्षित किया गया हो;	(न) ''विशाल आकार यान'' का तात्पर्य सात या अधिक धुरियों वाले यान या ऐसे यान से है, जिसका सकल यान भार साठ हजार किलोग्राम से अधिक है;
(प) ''सर्विस सड़क'' का तात्पर्य एक्सप्रेस सेक्शन के समानान्तर चलने वाली सड़क से है जो एक्सप्रेस-वे के उक्त सेक्शन से संलग्न भूमि के लिए पहुँच प्रदान करती है;	(प) ''सार्वजनिक निजी भागीदारी परियोजना'' का तात्पर्य ऐसे परियोजना से है जो एक्सप्रेस-वे के किसी सेक्शन, जिसके अन्तर्गत समस्त स्थाई पुल, इन्टरचेंज, उपरिसेतु, आर.ओ.बी./आर.यू.बी. उपमार्ग, उसकी सुरंग भी है, से सम्बन्धित हो और जिसके लिए रियायतग्राही के साथ कोई करार किया गया हो;
(फ) ''पथकर या फीस'' का तात्पर्य यथास्थिति प्रति किलोमीटर/मीटर उद्गृहीत पथकर शुल्क से है, जो राजमार्ग परियोजना, स्थाई पुलों, इण्टरचेंजेज, उपरिगामी सेतु आर.ओ.बी./आर.यू.बी. या सड़क ऊपरि सेतु/ अधोसेतु, उपमार्ग या सुरंग के प्रयोक्ता द्वारा इन नियमों के अधीन देय है;	(फ) ''इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एण्ड कन्स्ट्रक्शन'' का तात्पर्य ऐसी एक्सप्रेस-वे परियोजना से है जिसमें समस्त स्थायी पुल, इन्टरचेंजेस, उपरिसेतु, आर.ओ.बी./आर.यू.बी. उपमार्ग, उसकी सुरंग भी है, से सम्बन्धित हो और जिसके लिए ठेकेदार के साथ कोई करार किया गया हो;
(ब) ''टोल प्लाजा'' का तात्पर्य किसी भवन, ढाँचा या बूथ से है, जो फीस के संग्रहण के लिए बनाया गया है;	(ब) ''रेलवे ओवर/अण्डर ब्रिज (आर.ओ.बी./आर.यू.बी)'' का तात्पर्य रोड ओवर ब्रिज/अण्डर ब्रिज से है जो रेलवे ट्रैक के ऊपर/नीचे से गुजरता हो और जिसे रियायती करार के अधीन निर्मित/संचालित या अनुरक्षित किया गया हो;
(भ) ''ट्रक या बस'' का तात्पर्य बारह हजार किलोग्राम से अधिक किन्तु बीस हजार किलोग्राम से कम या मोटर यान अधिनियम, 1988 के अधीन जारी रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र में यथा विनिर्दिष्ट चालक को छोड़कर बत्तीस से अधिक यात्री वाहन क्षमता वाले किसी यांत्रिक यान से है;	(भ) ''सर्विस सड़क'' का तात्पर्य एक्सप्रेस सेक्शन के समानान्तर चलने वाली सड़क से है जो एक्सप्रेस-वे के उक्त सेक्शन से संलग्न भूमि के लिए पहुँच प्रदान करती है;
(म) ''थोक मूल्य सूचकांक (डब्लू.पी.आई.)'' का तात्पर्य भारत सरकार का उद्योग मंत्रालय या उसके एवज में भारत सरकार द्वारा प्रकाशित किसी थोक मूल्य सूचकांक से है।	(म) ''पथकर या फीस'' का तात्पर्य यथास्थिति प्रति किलोमीटर/मीटर उद्गृहीत पथकर शुल्क से है, जो राजमार्ग परियोजना, स्थाई पुलों, इण्टरचेंजेज, उपरिगामी सेतु आर.ओ.बी./आर.यू.बी. या सड़क ऊपरि सेतु/ अधोसेतु, उपमार्ग या सुरंग के प्रयोक्ता द्वारा इन नियमों के अधीन देय है;

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	(य) "टोल प्लाजा" का तात्पर्य किसी भवन, ढाँचा या बूथ से है, जो फीस के संग्रहण के लिए बनाया गया है,
	(र) "ट्रक या बस" का तात्पर्य बारह हजार किलोग्राम से अधिक किन्तु बीस हजार किलोग्राम से कम या मोटर यान अधिनियम, 1988 के अधीन जारी रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र में यथा विनिर्दिष्ट चालक को छोड़कर बत्तीस से अधिक यात्री वाहन क्षमता वाले किसी यांत्रिक यान से है,
	(ल) "थोक मूल्य सूचकांक (डब्लू.पी.आई.)" का तात्पर्य भारत सरकार का उद्योग मंत्रालय या उसके एवज में भारत सरकार द्वारा प्रकाशित किसी थोक मूल्य सूचकांक से है।
3–फीस का उद्ग्रहण	**3–फीस का उद्ग्रहण**
(1) राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार एक्सप्रेस-वे के किसी भाग के प्रयोक्ता को आपात स्थिति में निकालने तथा सामान्य प्रयोक्ता से यथास्थिति किसी भाग पर स्थित स्थाई सेतु फ्लाई ओवर, इण्टरचेंज, रेल उपरिसेतु, रेल अधोसेतु, बाईपास अथवा सुरंग, के लिए फीस उद्ग्रहीत कर सकेगी।	(1) राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार एक्सप्रेस-वे के किसी भाग के प्रयोक्ता को आपात स्थिति में निकालने तथा सामान्य प्रयोक्ता से यथास्थिति किसी भाग पर स्थित स्थाई सेतु फ्लाई ओवर, इण्टरचेंज, रेल उपरिसेतु, रेल अधोसेतु, बाईपास अथवा सुरंग, के लिए फीस उद्ग्रहीत कर सकेगी।
(2) निजी निवेश परियोजना की दशा में उपनियम (1) के अधीन उद्गृहीत फीस का संग्रहण रियायती अवधि के दौरान तक रियायतग्राही द्वारा किये गये अनुबंध के अनुसार किया जायेगा और एक्सप्रेस-वे पूरा होने के दिनांक से प्रारम्भ होगा। यथास्थिति पैदल चलने वाले या गैर मोटराइज्ड वाहन या अपंजीकृत वाहन एक्सप्रेस-वे के किसी भाग पर स्थित स्थाई सेतु, फ्लाई ओवर, इण्टरचेंज, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास अथवा सुरंग, जैसी भी स्थिति हो, प्रयोग की अनुमति नहीं दी जायेगी:	(2) निजी/सार्वजनिक निवेश परियोजना की दशा में उपनियम (1) के अधीन उद्गृहीत फीस का संग्रहण रियायती अवधि/अवधि के दौरान तक रियायतग्राही/ प्राधिकृत ऐजेन्सी द्वारा किये गये अनुबंध के अनुसार किया जायेगा और एक्सप्रेस–वे पूरा होने के दिनांक/अथवा किसी निर्धारित तिथि से प्रारम्भ होगा। यथास्थिति पैदल चलने वाले या गैर मोटराइज्ड वाहन या अपंजीकृत वाहन एक्सप्रेस–वे के किसी भाग पर स्थित स्थाई सेतु, फ्लाई ओवर, इण्टरचेंज, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास अथवा सुरंग, जैसी भी स्थिति हो, प्रयोग की अनुमति नहीं दी जायेगी:
किन्तु आपात स्थिति में, जैसे चलते हुए वाहन में खराबी आने पर, प्रयोक्ता को एक्सप्रेस–वे के किसी भाग पर स्थित स्थाई सेतु, फ्लाई ओवर, इण्टरचेंज, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास अथवा सुरंग, जैसी भी स्थिति हो, प्रयोग की अनुमति दी जायेगी ।	किन्तु आपात स्थिति में, जैसे चलते हुए वाहन में खराबी आने पर, प्रयोक्ता को एक्सप्रेस–वे के किसी भाग पर स्थित स्थाई सेतु, फ्लाई ओवर, इण्टरचेंज, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास अथवा सुरंग, जैसी भी स्थिति हो, प्रयोग की अनुमति दी जायेगी।
(3) सर्विस मार्ग पर चलने वाले वाहन यदि एक्सप्रेस-वे के किसी भाग पर स्थित स्थाई सेतु, फ्लाई ओवर, इण्टरचेंज, रेल उपरिसेतु/ रेल अधोसेतु, बाईपास अथवा सुरंग, जैसी भी	(3) सर्विस मार्ग पर चलने वाले वाहन यदि एक्सप्रेस-वे के किसी भाग पर स्थित स्थाई सेतु, फ्लाई ओवर, इण्टरचेंज, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास अथवा सुरंग, जैसी भी स्थिति हो, का प्रयोग

स्तम्भ–1

वर्तमान नियम

स्थिति हो, का प्रयोग करते हैं तो इन से कोई फीस वसूल नहीं किया जायेगा :

परन्तु यह और कि जहाँ सर्विस मार्ग हो या न हो दो पहिया, तीन पहिया वाहन या विधिक रूप से पंजीकृत ट्रैक्टरों के स्वामी यदि एक्सप्रेस-वे के किसी भाग पर स्थित स्थाई सेतु, फ्लाई ओवर, इण्टरचेंज, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास या सुरंग जैसी भी स्थिति हो, का प्रयोग करते हैं तो इन लाईट मोटर वाहन स्वामियों/चालकों से कार के लिए निर्धारित दर से आधी दर पर फीस वसूल किया जायेगा ।

(4) इन नियमों के अधीन राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित फीस निकटतम् पांच रुपये के गुणांकों में पूर्णांकित और उद्गृहीत की जायेगी।

4–फीस की आधार दर

(1) आधार वर्ष 2009–10 में छः/आठ लेन एक्सप्रेस-वे के किसी भाग के उपयोग की फीस दर उस भांग की लम्बाई में निम्नलिखित दर से गुणा करने के अनुसार होगी, यथा :–

वाहन का प्रकार	वर्ष 2009–10 के लिए फीस की प्रति किलोमीटर आधार दर (रुपये में) 3 जनवरी, 2009 को समाप्त हुये सप्ताह में थोक मूल्य सूचकांक (WPI 229.20) पर आधारित
कार, जीप, वैन या हल्की मोटर वाहन	0.80
हल्के व्यवसायिक यान, हल्के माल यान या मिनी बस	1.30
बस या ट्रक	2.75
भारी निर्माण कार्य मशीन (एच0सी0एम0) भू–गतिमान उपस्कर (ई0एम0ई0) या बहुधुरीय यान (एम0ए0वी0) (तीन से छः धुरीय)	4.30
विशाल आकार यान (ओवर साइज्ड वेहिकिल) (सात या अधिक धुरीय)	5.25

स्तम्भ–2

एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम

करते हैं तो इन से कोई फीस वसूल नहीं किया जायेगा :

परन्तु यह और कि जहाँ सर्विस मार्ग हो या न हो दो पहिया, तीन पहिया वाहन या विधिक रूप से पंजीकृत ट्रैक्टरों के स्वामी यदि एक्सप्रेस-वे के किसी भाग पर स्थित स्थाई सेतु, फ्लाई ओवर, इण्टरचेंज, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास या सुरंग जैसी भी स्थिति हो, का प्रयोग करते हैं तो इन लाईट मोटर वाहन स्वामियों/चालकों से कार के लिए निर्धारित दर से आधी दर पर फीस वसूल किया जायेगा ।

(4) इन नियमों के अधीन राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित फीस निकटतम् पांच रुपये के गुणांकों में पूर्णांकित और उद्गृहीत की जायेगी।

4–फीस की आधार दर

(1) आधार वर्ष 2009–10 में छः/आठ लेन एक्सप्रेस-वे के किसी भाग के उपयोग की फीस दर उस भांग की लम्बाई में निम्नलिखित दर से गुणा करने के अनुसार होगी, यथा :–

वाहन का प्रकार	वर्ष 2009–10 के लिए फीस की प्रति किलोमीटर आधार दर (रुपये में) 3 जनवरी, 2009 को समाप्त हुये सप्ताह में थोक मूल्य सूचकांक (WPI 229.20) पर आधारित
कार, जीप, वैन या हल्की मोटर वाहन	0.80
हल्के व्यवसायिक यान, हल्के माल यान या मिनी बस	1.30
बस या ट्रक	2.75
भारी निर्माण कार्य मशीन (एच0सी0एम0) भू–गतिमान उपस्कर (ई0एम0ई0) या बहुधुरीय यान (एम0ए0वी0) (तीन से छः धुरीय)	4.30
विशाल आकार यान (ओवर साइज्ड वेहिकिल) (सात या अधिक धुरीय)	5.25

स्तम्भ–1

वर्तमान नियम

(2) निर्मित स्थाई सेतु, इण्टरचेंज, फ्लाई ओवर, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास या सुरंग का प्रयोग करने पर यदि उक्त निर्मित ढाँचों की पूर्ण लागत दस करोड़ से अधिक है, तो आधार वर्ष 2009–10 के लिए फीस की दर निम्नवत् होगी :–

फीस का आधार दर (प्रति कि0मी0 प्रति फेरा रुपये में)					
स्थाई सेतु या सुरंग की लागत (करोड़ रूपये में)	कार, जीप, वैन या हल्के मोटराइज्ड वाहन	हल्के, वाणिज्यिक यान हल्के यान वाहक यान या मिनी बस	ट्रक या बस	एच. सी. एम.ई. एम.ई. या एम.ए. वी.	विशाल आकार यान
10–15	5.00	7.50	15.00	22.00	30.00
रु. पन्द्रह करोड़ के बाद प्रत्येक पांच करोड़ या उसके भार पर रु. सौ करोड़ तक	1.00	1.50	3.00	4.50	6.00
रु. सौ के बाद प्रत्येक पांच करोड़ या उसके भार पर रु. दो सौ करोड़ तक	0.75	1.15	2.25	3.40	4.50
रु. दो सौ करोड़ से ऊपर प्रत्येक पांच करोड या उसके भाग पर	0.50	0.75	1.50	2.25	3.00

परन्तु यह कि वाणिज्यिक प्रचालन तिथि से एक्सप्रेस-वे के किसी भाग के प्रयोग हेतु फीस की संगणना करते समय यदि उस भाग पर स्थित स्थाई सेतु, इण्टरचेजेज, फ्लाई ओवर, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास या सुरंग की लागत रु.50.00 करोड़ या अधिक है, तो ऐसे स्थाई सेतु, इण्टरचेंजेज, फ्लाई ओवर, रेल उपरिसेतु/ रेल अधोसेतु बाईपास या सुरंग की लम्बाई को एक्सप्रेस-वे के उस भाग की लम्बाई से घटाते हुए उपरोक्त तालिका के अनुसार फीस की संगणना की जायेगी:

स्तम्भ–2

एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम

(2) निर्मित स्थाई सेतु, इण्टरचेंज, फ्लाई ओवर, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास या सुरंग का प्रयोग करने पर यदि उक्त निर्मित ढाँचों की पूर्ण लागत दस करोड़ से अधिक है, तो आधार वर्ष 2009–10 के लिए फीस की दर निम्नवत् होगी :–

फीस का आधार दर (प्रति कि0मी0 प्रति फेरा रुपये में)					
स्थाई सेतु या सुरंग की लागत (करोड़ रूपये में)	कार, जीप, वैन या हल्के मोटराइज्ड वाहन	हल्के, वाणिज्यिक यान हल्के यान वाहक यान या मिनीबस	ट्रक या बस	एच. सी. एम.ई. एम.ई. या एम.ए. वी.	विशाल आकार यान
10–15	5.00	7.50	15.00	22.00	30.00
रु. पन्द्रह करोड़ के बाद प्रत्येक पांच करोड़ या उसके भार पर रु. सौ करोड़ तक	1.00	1.50	3.00	4.50	6.00
रु. सौ के बाद प्रत्येक पांच करोड़ या उसके भार पर रु. दो सौ करोड़ तक	0.75	1.15	2.25	3.40	4.50
रु. दो सौ करोड़ से ऊपर प्रत्येक पांच करोड़ या उसके भाग पर	0.50	0.75	1.50	2.25	3.00

परन्तु यह कि वाणिज्यिक प्रचालन तिथि से एक्सप्रेस-वे के किसी भाग के प्रयोग हेतु फीस की संगणना करते समय यदि उस भाग पर स्थित स्थाई सेतु, इण्टरचेंजेज, फ्लाई ओवर, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास या सुरंग की लागत रु.50.00 करोड़ या अधिक है, तो ऐसे स्थाई सेतु, इण्टरचेंजेज, फ्लाई ओवर, रेल उपरिसेतु/ रेल अधोसेतु बाईपास या सुरंग की लम्बाई को एक्सप्रेस-वे के उस भाग की लम्बाई से घटाते हुए उपरोक्त तालिका के अनुसार फीस की संगणना की जायेगी:

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
परन्तु यह और भी कि जहाँ स्थाई सेतु इण्टरचेंजेज, फ्लाई ओवर, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास या सुरंग जैसी भी स्थिति हो, की लागत रु.50.00 करोड़ से कम हो और यह स्थाई सेतु इण्टरचेंजेज, फ्लाई ओवर,रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास अथवा सुरंग एक्सप्रेस-वे का भाग हो तो उपर्युक्त फीस के बजाय नियम–4 के उपनियम (1) के अनुसार ही ऐसे स्थाई सेतु इण्टरचेंजेज, फ्लाई ओवर, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु बाईपास अथवा सुरंग हेतु फीस निर्धारित होगी।	परन्तु यह और भी कि जहाँ स्थाई सेतु इण्टरचेंजेज, फ्लाई ओवर, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास या सुरंग जैसी भी स्थिति हो, की लागत रु.50.00 करोड से कम हो और यह स्थाई सेतु, इण्टरचेंजेज, फ्लाई ओवर,रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास अथवा सुरंग एक्सप्रेस-वे का भाग हो तो उपर्युक्त फीस के बजाय नियम–4 के उपनियम (1) के अनुसार ही ऐसे स्थाई सेतु इण्टरचेंजेज, फ्लाई ओवर, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास अथवा सुरंग हेतु फीस निर्धारित होगी।
स्पष्टीकरण इस उपनियम के प्रयोजनों के लिए– निजी निवेश परियोजनाओं में पूर्ण लागत रियायतग्राही (कन्सेशनायर) के सांविधिक सम्प्रेक्षक द्वारा निर्धारित की जायेगी।	**स्पष्टीकरण** इस उपनियम के प्रयोजनों के लिए– निजी निवेश परियोजना की पूर्ण लागत, निजी सार्वजनिक सहभागिता पर निर्मित परियोजनाओं के लिये रियायतग्राही के सांविधिक सम्प्रेक्षक द्वारा तथा "इंजिनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एण्ड कन्स्ट्रक्शन"/किसी अन्य पद्धति की परियोजनाओं के लिये निष्पादन प्राधिकारी/या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निर्धारित की जायेगी।
5–फीस की दरों का वार्षिक पुनरीक्षण (1) अधिसूचना नियम–4 में विनिर्दिष्ट दरें 1 अप्रैल, 2010 से प्रत्येक वर्ष बढ़ाई जायेंगी।	**5–फीस की दरों का वार्षिक पुनरीक्षण** (1) अधिसूचना नियम–4 में विनिर्दिष्ट दरें 1 अप्रैल, 2010 से प्रत्येक वर्ष बढ़ाई जायेंगी।
(2) प्रवृत्त दरें प्रत्येक वर्ष की 1 अप्रैल से इस प्रकार पुनरीक्षित की जायें कि जिनका आधार 3 जनवरी, 2009 को समाप्त हुये सप्ताह से पुनरीक्षण वर्ष की पहली जनवरी या उसके बाद समाप्त हुए सप्ताह के थोक मूल्य सूचकांक (229.20) पर आधारित हो, किन्तु यह पुनरीक्षण/बढ़ोत्तरी मूल्य सूचकांक के अधिकतम् 40% (चालीस प्रतिशत) बढ़ोत्तरी तक सीमित रहेगी (5 पैसे के पूर्णांक के निकट होगी)।	(2) प्रवृत्त दरें प्रत्येक वर्ष की 1 अप्रैल से इस प्रकार पुनरीक्षित की जायें कि जिनका आधार 3 जनवरी, 2009 को समाप्त हुये सप्ताह से पुनरीक्षण वर्ष की पहली जनवरी या उसके बाद समाप्त हुए सप्ताह के थोक मूल्य सूचकांक (229.20) पर आधारित हो, किन्तु यह पुनरीक्षण/बढ़ोत्तरी मूल्य सूचकांक के अधिकतम् 40% (चालीस प्रतिशत) बढ़ोत्तरी तक सीमित रहेगी (5 पैसे के पूर्णांक के निकट होगी)।
(3) प्रवृत्त दरों के निर्धारण का सूत्र निम्नवत् होगा :– प्रवृत्त फीस दर = आधारदर + आधारदर x {थोक मूल्य सूचकांक 'क'–थोक मूल्य सूचकांक 'ख' x 0.4} / थोक मूल्य सूचकांक 'ख'	(3) प्रवृत्त दरों के निर्धारण का सूत्र निम्नवत् होगा :– प्रवृत्त फीस दर = आधारदर+आधारदर x {थोक मूल्य सूचकांक 'क'–थोक मूल्य सूचकांक 'ख' x 0.4} / थोक मूल्य सूचकांक 'ख'
स्पष्टीकरण (क) प्रवृत्त शुल्क दर नियम–4 के उपनियम (1) के अन्तर्गत संशोधित दरों के अनुसार प्रयोक्ता द्वारा देय होगी।	**स्पष्टीकरण** (क) प्रवृत्त शुल्क दर नियम–4 के उपनियम (1) के अधीन सशोधित दरों के अनुसार प्रयोक्ता द्वारा देय होगी।
(ख) वर्ष 2009–10 हेतु एक्सप्रेस–वे के लिए बेस दर विनिर्दिष्ट ढाँचों स्थायी सेतु, फ्लाई ओवर, इन्टरचेन्ज, बाई–पास या सुरंग को असम्मिलित करते हुए मान्य होगी।	(ख) वर्ष 2009–10 हेतु एक्सप्रेस–वे के लिए बेस दर विनिर्दिष्ट ढाँचों स्थायी सेतु, फ्लाई ओवर, इन्टरचेन्ज, बाई–पास या सुरंग को असम्मिलित करते हुए मान्य होगी।

स्तम्भ–1
वर्तमान नियम

वाहन का प्रकार	वर्ष 2009–10 के लिए फीस की प्रति किलोमीटर आधार दर (रूपये में) 3 जनवरी, 2009 को समाप्त हुये सप्ताह में थोक मूल्य सूचकांक (WPI 229.20) पर आधारित
कार, जीप, वैन या हल्की मोटर वाहन	0.80
हल्के व्यवसायिक यान, हल्के माल यान या मिनी बस	1.30
बस या ट्रक	2.75
भारी निर्माण कार्य मशीन (एच0सी0एम0) भू–गतिमान उपस्कर (ई0एम0ई0) या बहुधुरीय यान (एम0ए0वी0) (तीन से छः धुरीय)	4.30
विशाल आकार यान (ओवर साइज्ड वेहिकिल) (सात या अधिक धुरीय)	5.25

स्तम्भ–2
एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम

वाहन का प्रकार	वर्ष 2009–10 के लिए फीस की प्रति किलोमीटर आधार दर (रूपये में) 3 जनवरी, 2009 को समाप्त हुये सप्ताह में थोक मूल्य सूचकांक (WPI 229.20) पर आधारित
कार, जीप, वैन या हल्की मोटर वाहन	0.80
हल्के व्यवसायिक यान, हल्के माल यान या मिनी बस	1.30
बस या ट्रक	2.75
भारी निर्माण कार्य मशीन (एच0सी0एम0) भू–गतिमान उपस्कर (ई0एम0ई0) या बहुधुरीय यान (एम0ए0वी0) (तीन से छः धुरीय)	4.30
विशल आकार यान (ओवर साइज्ड वेहिकिल) (सात या अधिक धुरीय)	5.25

(ग) स्थाई सेतु, इण्टरचेंज, फ्लाईओवर, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, उपमार्ग या सुरंग सहित संरचना की दशा में, जहां संविधिक संपरीक्षकों द्वारा सत्यापन के पश्चात् पूर्ण लागत 50 करोड़ रूपया या अधिक पाई जाती है, वहां पथकर उपनियम 4(2) को उपनियम 4(1) के साथ मिलाकर पुनरीक्षण किया जाये ।

(घ) "थोक मूल्य सूचकांक–क" का तात्पर्य उस थोक मूल्य सूचकांक से है जो फीस दर पुनरीक्षित करने वाले वर्ष की 1 जनवरी या उसके तुरन्त बाद समाप्त होने वाले सप्ताह का हो और

(च) "थोक मूल्य सूचकांक–ख" का तात्पर्य उस थोक मूल्य सूचकांक से है जो 3 जनवरी, 2009 को समाप्त हुये सप्ताह को था अर्थात 229.20

उदाहरण –

किसी एक्सप्रेस-वे का 2010–11 और 2011–12 के लिए फीस का पुनरीक्षण किया जाना हो तो मान लिया कि 2 जनवरी, 2010 को समाप्त हुए थोक मूल्य सूचकांक 240 और 1 जनवरी, 2011 को समाप्त हुए थोक मूल्य सूचकांक 260 था तो कार, जीप, या वैन की प्रति किलोमीटर फीस निम्न प्रकार होगी :–

(ग) स्थाई सेतु, इण्टरचेंज, फ्लाईओवर, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, उपमार्ग या सुरंग सहित संरचना की दशा में, जहां सांविधिक संपरीक्षकों/ निष्पादन प्राधिकारी/ या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा सत्यापन के पश्चात् पूर्ण लागत 50 करोड़ रूपया या अधिक पाई जाती है, वहां पथकर नियम 4 के उपनियम (2) को उपनियम 5(3)(ख) अथवा उपनियम 4(1) के साथ मिलाकर पुनरीक्षण किया जाये ।

(घ) "थोक मूल्य सूचकांक–क" का तात्पर्य उस थोक मूल्य सूचकांक से है जो फीस दर पुनरीक्षित करने वाले वर्ष की 1 जनवरी या उसके तुरन्त बाद समाप्त होने वाले सप्ताह का हो और

(च) "थोक मूल्य सूचकांक–ख" का तात्पर्य उस थोक मूल्य सूचकांक से है जो 3 जनवरी, 2009 को समाप्त हुये सप्ताह को था अर्थात 229.20

उदाहरण –

किसी एक्सप्रेस-वे का 2010–11 और 2011–12 के लिए फीस का पुनरीक्षण किया जाना हो तो मान लिया कि 2 जनवरी, 2010 को समाप्त हुए थोक मूल्य सूचकांक 240 और 1 जनवरी, 2011 को समाप्त हुए थोक मूल्य सूचकांक 260 था तो कार, जीप, या वैन की प्रति किलोमीटर फीस निम्न प्रकार होगी :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(एक) वर्ष 2010–2011 के लिए–0.80+0.80 $\frac{(240-229.20)}{229.20}$ X 0.4 = 0.815 अर्थात् रू0 0.80 होगी	(एक) वर्ष 2010–2011 के लिए–0.80+0.80 $\frac{(240-229.20)}{229.20}$ X 0.4 = 0.815 अर्थात् रू0 0.80 होगी
(दो) वर्ष 2011–2012 के लिए–0.80+0.80 $\frac{(260-229.20)}{29.20}$ X 0.4 = 0.843 अर्थात् रू0 0.85 होगी	(दो) वर्ष 2011–2012 के लिए–0.80+0.80 $\frac{(260-229.20)}{29.20}$ X 0.4 = 0.843 अर्थात् रू0 0.85 होगी
(4) फीस दरों का वार्षिक पुनरीक्षण प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल को लागू होगा।	(4) फीस दरों का वार्षिक पुनरीक्षण प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल को लागू होगा।
6–फीस का संग्रहण	**6–फीस का संग्रहण**
(1) इन नियमों के अन्तर्गत उद्गृहीत फीस की वसूली रियायतग्राही (कन्सेशनायर) द्वारा पथकर प्लाजा पर की जायेगी ।	(1) इन नियमों के अन्तर्गत उद्गृहीत फीस की वसूली रियायतग्राही/प्राधिकृत एजेन्सी द्वारा पथकर प्लाजा पर की जायेगी ।
(2) एक्सप्रेस-वे के किसी भाग या भाग पर बने स्थाई सेतु इण्टरचेंज, फ्लाई ओवर, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास या सुरंग का उपयोग करने वाले वाहन के चालक, वाहन स्वामी या प्रभारी को पथकर प्लाजा पार करने से पूर्व इन नियमों के अन्तर्गत निर्धारित फीस का भुगतान करना होगा।	(2) एक्सप्रेस-वे के किसी भाग या भाग पर बने स्थाई सेतु इण्टरचेंज, फ्लाई ओवर, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास या सुरंग का उपयोग करने वाले वाहन के चालक, वाहन स्वामी या प्रभारी को पथकर प्लाजा पार करने से पूर्व इन नियमों के अन्तर्गत निर्धारित फीस का भुगतान करना होगा।
(3) फीस का भुगतान नगद के रूप में, या स्मार्ट कार्ड द्वारा या ट्रान्स्पान्डर द्वारा या अन्य किसी उचित रूप से किया जायेगा :	(3) फीस का भुगतान नगद के रूप मे, या स्मार्ट कार्ड द्वारा या ट्रान्स्पान्डर द्वारा या अन्य किसी उचित रूप से किया जायेगा :
परन्तु यह कि स्मार्ट कार्ड या ऑन बोर्ड यूनिट (ट्रान्स्पान्डर) के माध्यम से फीस का भुगतान करने वालों को रियायतग्राही द्वारा निर्धारित अतिरिक्त अधिभार का भुगतान भी करना होगा ।	परन्तु यह कि स्मार्ट कार्ड या ऑन बोर्ड यूनिट (ट्रान्स्पान्डर) के माध्यम से फीस का भुगतान करने वालों को रियायतग्राही/प्राधिकृत एजेन्सी द्वारा निर्धारित अतिरिक्त अधिभार का भुगतान भी करना होगा ।
(4) मोटर वाहनों के ऐसे चालक या वाहन स्वामी या वाहन प्रभारी जो ऑन बोर्ड यूनिट (ट्रान्स्पान्डर)/ओ.बी.यू. के माध्यम से फीस का भुगतान करने के इच्छुक हों, उपस्कर की लागत के सापेक्ष रियायतग्राही के पास वापसी योग्य जमानत धनराशि जमा करनी होगी ताकि उपस्कर लगाया जा सके। इस जमानती जमा राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।	(4) मोटर वाहनों के ऐसे चालक या वाहन स्वामी या वाहन प्रभारी जो ऑन बोर्ड यूनिट (ट्रान्स्पान्डर)/ओ.बी.यू. के माध्यम से फीस का भुगतान करने के इच्छुक हों, उपस्कर की लागत के सापेक्ष रियायतग्राही/प्राधिकृत एजेन्सी के पास वापसी योग्य जमानत धनराशि जमा करनी होगी ताकि उपस्कर लगाया जा सके। इस जमानती जमा राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
(5) नियम–6 के उपनियम (2) के अधीन फीस प्राप्तकर्ता व्यक्ति, वाहन चालक, वाहन स्वामी और वाहन प्रभारी को ऐसी फीस रसीद जारी करेगा, जिसमें वसूली गई फीस की तिथि तथा समय कुल प्राप्ति धनराशि और वाहन का प्रकार, जिसके लिए फीस वसूल की गयी हो, विनिर्दिष्ट हो :	(5) नियम–6 के उपनियम (2) के अधीन फीस प्राप्तकर्ता व्यक्ति, वाहन चालक, वाहन स्वामी और वाहन प्रभारी को ऐसी फीस रसीद जारी करेगा, जिसमें वसूली गई फीस की तिथि तथा समय कुल प्राप्ति धनराशि और वाहन का प्रकार, जिसके लिए फीस वसूल की गयी हो, विनिर्दिष्ट हो :
परन्तु जहाँ फीस का भुगतान स्मार्ट कार्ड या ऑन बोर्ड यूनिट (ट्रान्सपाण्डर) या किसी अन्य उपयुक्त उपाय से किया गया हो, वहां रसीद मांग पर ही जारी की जायेगी। यदि किसी वाहन चालक, स्वामी अथवा यांत्रिक वाहन के प्रभारी के पास ओ0बी0यू0 अथवा स्मार्ट कार्ड नहीं है, किन्तु वह स्मार्ट कार्ड/ओ0बी0यू0 के लिए आशयित आरक्षित	परन्तु जहाँ फीस का भुगतान स्मार्ट कार्ड या ऑन बोर्ड यूनिट (ट्रान्सपाण्डर) या किसी अन्य उपयुक्त उपाय से किया गया हो, वहां रसीद मांग पर ही जारी की जायेगी। यदि किसी वाहन चालक, स्वामी अथवा यांत्रिक वाहन के प्रभारी के पास ओ0बी0यू0 अथवा स्मार्ट कार्ड नहीं है, किन्तु वह स्मार्ट कार्ड/ओ0बी0यू0 के लिए आशयित आरक्षित मार्ग का प्रयोग करना चाहता है उसे

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
मार्ग का प्रयोग करना चाहता है उसे लागू फीस के अतिरिक्त रियायतग्राहता को लागू फीस के पाँच गुना अतिरिक्त फीस का भुगतान करना होगा।	लागू फीस के अतिरिक्त रियायतग्राही/ प्राधिकृत एजेन्सी को लागू फीस के पाँच गुना अतिरिक्त फीस का भुगतान करना होगा।
7–फीस का प्रेषण एवं विनियोजन	7–फीस का प्रेषण एवं विनियोजन
निजी निवेश परियोजना के मामले में इन नियमों के उपबन्धों के अधीन वसूली गई फीस का विनियोजन ऐसे रियायतग्राही द्वारा किये गये करार के अधीन उसके समझौते के उपबन्धों के अनुसार तथा उसके निष्पादन हेतु किया जायेगा।	निजी /सार्वजनिक निवेश की परियोजनाओं के मामले में इन नियमों के उपबन्धों के अधीन वसूली गई फीस का विनियोजन ऐसे रियायतग्राही/प्राधिकृत एजेन्सी द्वारा किये गये करार के अधीन उसके समझौते के उपबन्धों के अनुसार तथा उसके निष्पादन हेतु किया जायेगा।
8–प्लाजा का स्थान	**8–प्लाजा का स्थान**
(1) सामान्यतः यथास्थिति रियायतग्राही या निष्पादन प्राधिकारी, पथकर प्लाजा नगर पालिका या स्थानीय नगर क्षेत्र की सीमा से 10 किलोमीटर बाहर ही स्थापित करेगा किन्तु अपवादिक परिस्थितियों में जहाँ यथास्थिति एक्सप्रेस-वे का कोई भाग, स्थाई सेतु इण्टरचेंज, फ्लाई ओवर, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास या सुरंग नगर पालिका, या नगरीय क्षेत्र की सीमा के भीतर या ऐसी सीमा से 5 किलोमीटर की दूरी पर निर्मित हो तो मुख्यतः उस नगर पालिका या नगर क्षेत्र के निवासियों की सुविधा के लिए पथकर प्लाजा की स्थापना नगर पालिका या नगर क्षेत्र की सीमा में या ऐसी सीमा से 5 किलोमीटर के भीतर की जा सकती है।	(1) सामान्यतः यथास्थिति निष्पादन प्राधिकारी/ रियायतग्राही पथकर प्लाजा नगर पालिका या स्थानीय नगर क्षेत्र की सीमा से 10 किलोमीटर बाहर ही स्थापित करेगा किन्तु अपवादिक परिस्थितियों में जहाँ यथास्थिति एक्सप्रेस-वे का कोई भाग, स्थाई सेतु इण्टरचेंज, फ्लाई ओवर, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास या सुरंग नगर पालिका, या नगरीय क्षेत्र की सीमा के भीतर या ऐसी सीमा से 5 किलोमीटर की दूरी पर निर्मित हो तो मुख्यतः उस नगर पालिका या नगर क्षेत्र के निवासियों की सुविधा के लिए पथकर प्लाजा की स्थापना नगर पालिका या नगर क्षेत्र की सीमा में या ऐसी सीमा से 5 किलोमीटर के भीतर की जा सकती है।
(2) सामान्यतः एक्सप्रेस-वे के उसी भाग में और उसी दिशा में 60 किलोमीटर के भीतर कोई अन्य पथकर प्लाजा स्थापित नहीं किया जाएगा किन्तु अपवादिक परिस्थितियों में जहाँ निष्पादन प्राधिकारी आवश्यक समझता है वहां कारण लिखित रूप से अभिलिखित किये जाने पर 60 किलोमीटर के भीतर अन्य पथकर प्लाजा स्थापित कर सकता है या रियायतग्राही को स्थापित करने की अनुमति दे सकता है:	(2) सामान्यतः एक्सप्रेस-वे के उसी भाग में और उसी दिशा में 60 किलोमीटर के भीतर कोई अन्य पथकर प्लाजा स्थापित नहीं किया जाएगा किन्तु अपवादिक परिस्थितियों में जहाँ निष्पादन प्राधिकारी आवश्यक समझता है वहां कारण लिखित रूप से अभिलिखित किये जाने पर 60 किलोमीटर के भीतर अन्य पथकर प्लाजा स्थापित कर सकता है या रियायतग्राही/ प्राधिकृत ऐजेन्सी को स्थापित करने की अनुमति दे सकता है:
परन्तु अन्य पथकर प्लाजा से 60 किलोमीटर के भीतर पथकर प्लाजा/प्लाजा स्थापित किया जा सकता है/ किये जा सकते हैं यदि ऐसा पथकर प्लाजा किसी स्थायी सेतु, इण्टरचेंज, फ्लाई ओवर, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास या सुरंग या एक्सप्रेस-वे के लिए फीस संग्रह करने के लिए पथकर का अपवंचन रोकने के निमित्त हो।	परन्तु अन्य पथकर प्लाजा से 60 किलोमीटर के भीतर पथकर प्लाजा/प्लाजा स्थापित किया जा सकता है/किये जा सकते हैं यदि ऐसा पथकर प्लाजा किसी स्थायी सेतु, इण्टरचेंज, फ्लाई ओवर, रेल उपरिसेतु/रेल अधोसेतु, बाईपास या सुरंग या एक्सप्रेस-वे के लिए फीस संग्रह करने के लिए पथकर का अपवंचन रोकने के निमित्त हो।
9–रियायतें	**9–रियायतें**
(1) यथास्थिति निष्पादन प्राधिकारी या रियायतग्राही, उपनियम(2) में विनिर्दिष्ट दरों पर विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर किसी पथकर प्लाजा को पार करने के लिए अनेक यात्राओं के लिए अनुरोध किये जाने पर पास जारी करेगा ।	(1) यथास्थिति निष्पादन प्राधिकारी या रियायतग्राही/ प्राधिकृत ऐजेन्सी, उपनियम(2) में विनिर्दिष्ट दरों पर विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर किसी पथकर प्लाजा को पार करने के लिए अनेक यात्राओं के लिए अनुरोध किये जाने पर पास जारी करेगा।
(2) रियायतग्राही किसी व्यक्ति के अनुरोध पर	(2) रियायतग्राही/प्राधिकृत ऐजेन्सी किसी व्यक्ति के

स्तम्भ–1 **वर्तमान नियम**	स्तम्भ–2 **एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम**
सम्बन्धित वाहन हेतु संदेय फीस के 160 प्रतिशत (एक सौ साठ प्रतिशत मात्र) की धनराशि के भुगतान पर उसी दिन वापसी पास जारी करेगा, यदि एक्सप्रेस-वे पर एक मात्र एक तरफ की यात्रा करनी हो।	अनुरोध पर सम्बन्धित वाहन हेतु संदेय फीस के 160 प्रतिशत (एक सौ साठ प्रतिशत मात्र) की धनराशि के भुगतान पर उसी दिन वापसी पास जारी करेगा, यदि एक्सप्रेस-वे पर एक मात्र एक तरफ की यात्रा करनी हो।
(3) रियायतग्राही 20(बीस) या उससे अधिक एक तरफ के पथकर टिकटों के निर्गमन हेतु किसी व्यक्ति के अनुरोध पर सम्बन्धित विशिष्ट रजिस्ट्रीकृत वाहन हेतु संदेय 80 प्रतिशत (अस्सी प्रतिशत) फीस के रियायती दर पर ऐसे टिकट जारी करेगा। ऐसे रियायती टिकटों का प्रयोग विनिर्दिष्ट वाहन द्वारा किसी तरफ की एक यात्रा के लिए किसी एक कलेण्डर माह या उसके किसी भाग के लिए किया जाएगा।	(3) रियायतग्राही/प्राधिकृत ऐजेन्सी 20(बीस) या उससे अधिक एक तरफ के पथकर टिकटों के निर्गमन हेतु किसी व्यक्ति के अनुरोध पर सम्बन्धित विशिष्ट रजिस्ट्रीकृत वाहन हेतु संदेय 80 प्रतिशत (अस्सी प्रतिशत) फीस के रियायती दर पर ऐसे टिकट जारी करेगा। ऐसे रियायती टिकटों का प्रयोग विनिर्दिष्ट वाहन द्वारा किसी तरफ की एक यात्रा के लिए किसी एक कलेण्डर माह या उसके किसी भाग के लिए किया जाएगा।
(4) ऐसे किसी यांत्रिक वाहन के वाहन चालक, वाहन स्वामी या प्रभारी, जो एक्सप्रेस-वे के किसी भाग का प्रयोग करता हो और किसी पथकर प्लाजा को पार नहीं करता है, को न तो कोई पथकर पास जारी किया जायेगा और न उनसे कोई फीस वसूल की जायेगी।	(4) ऐसे किसी यांत्रिक वाहन के वाहन चालक, वाहन स्वामी या प्रभारी, जो एक्सप्रेस-वे के किसी भाग का प्रयोग करता हो और किसी पथकर प्लाजा को पार नहीं करता है, को न तो कोई पथकर पास जारी किया जायेगा और न उनसे कोई फीस वसूल की जायेगी।
10–अतिभराई के लिए फीस की दर	**10–अतिभराई के लिए फीस की दर**
(1) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन किसी यांत्रिक यान के चालक, स्वामी या भारसाधक व्यक्ति के किसी दायित्व पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसा यांत्रिक यान जो नियम 4 के उप नियम (1) के अधीन उसके प्रवर्ग के लिए विनिर्दिष्ट अनुज्ञेय भार से अधिक भार से लदा है, ऐसी दर पर फीस संदाय करने के लिये दायी होगी जो अगली उच्चतर श्रेणी के यांत्रिक यान के लिए लागू है:	(1) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन किसी यांत्रिक यान के चालक, स्वामी या भारसाधक व्यक्ति के किसी दायित्व पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसा यांत्रिक यान जो नियम 4 के उप नियम (1) के अधीन उसके प्रवर्ग के लिए विनिर्दिष्ट अनुज्ञेय भार से अधिक भार से लदा है, ऐसी दर पर फीस संदाय करने के लिये दायी होगी जो अगली उच्चतर श्रेणी के यांत्रिक यान के लिए लागू है:
परन्तु यह कि अतिभराई के लिए ऐसी फीस का संदाय यांत्रिक यान के चालक, स्वामी या भार साधक व्यक्ति को उस एक्सप्रेस-वे का उपयोग करने के लिए हकदार नहीं बनायेगा और उसका यान उस यात्रिक यान से अधिक भार हटाये जाने तक एक्सप्रेस-वे का उपयोग करने या पथकर पास करने से रोका जायेगा।	परन्तु यह कि अतिभराई के लिए ऐसी फीस का संदाय यांत्रिक यान के चालक, स्वामी या भार साधक व्यक्ति को उस एक्सप्रेस-वे का उपयोग करने के लिए हकदार नही बनायेगा और उसका यान उस यांत्रिक यान से अधिक भार हटाये जाने तक एक्सप्रेस-वे का उपयोग करने या पथकर पास करने से रोका जायेगा।
(2) पथकर प्लाजा पर संस्थापित तुला चौकी पर यथा अभिलिखित यांत्रिक यान का भार इस नियम के अधीन अतिभराई के लिए फीस उद्ग्रहण किये जाने का आधार होगा :	(2) पथकर प्लाजा पर संस्थापित तुला चौकी पर यथा अभिलिखित यांत्रिक यान का भार इस नियम के अधीन अतिभराई के लिए फीस उद्ग्रहण किये जाने का आधार होगा :
परन्तु जहॉ प्लाजा पर कोई तुला चौकी संस्थापित नहीं की गई है, वहॉ इस नियम के अधीन अतिभराई के लिए कोई फीस उद्ग्रहीत और संग्रहीत नहीं की जायेगी और यांत्रिक यान का चालक, स्वामी या भारसाधक व्यक्ति केवल ऐसे यान के लिए लागू फीस का संदाय करने के लिए दायी होगा।	परन्तु जहॉ प्लाजा पर कोई तुला चौकी संस्थापित नही की गई है, वहॉ इस नियम के अधीन अतिभराई के लिए कोई फीस उद्ग्रहीत और संग्रहीत नहीं की जायेगी और यांत्रिक यान का चालक, स्वामी या भारसाधक व्यक्ति केवल ऐसे यान के लिए लागू फीस का संदाय करने के लिए दायी होगा।

